Chapter

22

अवकलन तथा अवकलन के अनुप्रयोग

अवकलन

प्रस्तावना (Introduction)

एक राशि के परिवर्तन की दर, किसी दूसरी राशि के सापेक्ष बड़ा महत्व रखती है।

एक राशि 'y' के परिवर्तन की दर, किसी दूसरी राशि 'x' के सापेक्ष y का x के सापेक्ष अवकलज या अवकलन गुणांक कहलाती है।

मानक अवकल गुणांक (Some standard differentiation)

(1) **बीजगणितीय फलनों का अवकलन :** $\frac{d}{dx}x^n = nx^{n-1}$

(i) $\frac{d}{dx}[f(x)]^n = n[f(x)]^{n-1}f'(x)$ (ii) $\frac{d}{dx}(\sqrt{x}) = \frac{1}{2\sqrt{x}}$

(iii) $\frac{d}{dx}\left(\frac{1}{x^n}\right) = -\frac{n}{x^{n+1}}$

(2) **त्रिकोणमितीय फलनों का अवकलन :**

(i) $\frac{d}{dx}\sin x = \cos x$ (ii) $\frac{d}{dx}\cos x = -\sin x$

(iii) $\frac{d}{dx}\tan x = \sec^2 x$ (iv) $\frac{d}{dx}\sec x = \sec x \tan x$

(v) $\frac{d}{dx}\text{cosec } x = -\text{cosec } x \cot x$ (vi) $\frac{d}{dx}\cot x = -\text{cosec}^2 x$

(3) **लघुगणकीय व चरघातांकी फलनों का अवकलन :**

(i) $\frac{d}{dx}\log x = \frac{1}{x}$, $x > 0$ के लिए

(ii) $\frac{d}{dx}e^x = e^x$

(iii) $\frac{d}{dx}a^x = a^x \log a$, $a > 0$ के लिए

(iv) $\frac{d}{dx}\log_a x = \frac{1}{x \log a}$, $x > 0$, $a > 0$, $a \neq 1$ के लिए

(4) **प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलनों का अवकलन :**

(i) $\frac{d}{dx}\sin^{-1} x = \frac{1}{\sqrt{1-x^2}}$, $-1 < x < 1$ के लिए

(ii) $\frac{d}{dx}\cos^{-1} x = \frac{-1}{\sqrt{1-x^2}}$, $-1 < x < 1$ के लिए

(iii) $\frac{d}{dx}\sec^{-1} x = \frac{1}{|x|\sqrt{x^2-1}}$, $|x| > 1$ के लिए

(iv) $\frac{d}{dx}\text{cosec}^{-1} x = \frac{-1}{|x|\sqrt{x^2-1}}$, $|x| > 1$ के लिए

(v) $\frac{d}{dx}\tan^{-1} x = \frac{1}{1+x^2}$, $x \in R$ के लिए

(vi) $\frac{d}{dx}\cot^{-1} x = \frac{-1}{1+x^2}$, $x \in R$ के लिए

(5) **अतिपरवलयिक फलनों का अवकलन :**

(i) $\frac{d}{dx}\sinh x = \cosh x$ (ii) $\frac{d}{dx}\cosh x = \sinh x$

(iii) $\frac{d}{dx}\tanh x = \text{sech}^2 x$ (iv) $\frac{d}{dx}\coth x = -\text{cosech}^2 x$

(v) $\frac{d}{dx}\text{sech } x = -\text{sech } x \tanh x$

(vi) $\frac{d}{dx}\text{cosech } x = -\text{cosech } x \coth x$

(vii) $\frac{d}{dx}\sinh^{-1} x = 1/\sqrt{(1+x^2)}$

(viii) $\frac{d}{dx}\cosh^{-1} x = 1/\sqrt{(x^2-1)}$

(ix) $\frac{d}{dx}\tanh^{-1} x = 1/(x^2-1)$ (x) $\frac{d}{dx}\coth^{-1} x = 1/(1-x^2)$

(xi) $\frac{d}{dx}\text{sech}^{-1} x = -1/x\sqrt{(1-x^2)}$

(xii) $\frac{d}{dx}\text{cosech}^{-1} x = -1/x\sqrt{(1+x^2)}$

(6) **कुछ महत्वपूर्ण प्रतिस्थापन :**

सारणी : 22.1

फलन	प्रतिस्थापन	फलन	प्रतिस्थापन
$\sqrt{a^2-x^2}$	$x=a\sin\theta$ या $a\cos\theta$	$\sqrt{x^2+a^2}$	$x=a\tan\theta$ या $a\cot\theta$
$\sqrt{x^2-a^2}$	$x=a\sec\theta$ या $a\operatorname{cosec}\theta$	$\sqrt{\frac{a-x}{a+x}}$	$x=a\cos 2\theta$
$\sqrt{\frac{a^2-x^2}{a^2+x^2}}$	$x^2=a^2\cos 2\theta$	$\sqrt{ax-x^2}$	$x=a\sin^2\theta$
$\sqrt{\frac{x}{a+x}}$	$x=a\tan^2\theta$	$\sqrt{\frac{x}{a-x}}$	$x=a\sin^2\theta$
$\sqrt{(x-a)(x-b)}$	$x=a\sec^2\theta - b\tan^2\theta$	$\sqrt{(x-a)(b-x)}$	$x=a\cos^2\theta + b\sin^2\theta$

अवकलन पर प्रमेय (Theorems for differentiation)

माना $f(x), g(x)$ और $u(x)$ अवकलनीय फलन हैं।

(1) यदि एक निश्चित अंतराल के सभी बिन्दुओं पर $f'(x)=0$, तब फलन $f(x)$ इस अंतराल में एक नियत मान रखता है।

(2) **श्रृंखला नियम :**

(i) **स्थिति I :** यदि y, u का फलन है और u, x का फलन है, तब x के सापेक्ष y का अवकलज $\frac{dy}{dx}=\frac{dy}{du}.\frac{du}{dx}$ या $y=f(u)$

$\Rightarrow \frac{dy}{dx}=f'(u)\frac{du}{dx}$ होगा।

(ii) **स्थिति II :** यदि y और x दोनों को t के पदों में व्यक्त कर सकते हैं, तो y और x दोनों को t के सापेक्ष अवकलित करते हैं।

$$\frac{dy}{dx}=\frac{dy/dt}{dx/dt}$$

(3) **योग व अन्तर नियम :**

$$\frac{d}{dx}(f(x)\pm g(x))=\frac{d}{dx}(f(x))\pm\frac{d}{dx}(g(x))$$

(4) **गुणन नियम :**

(i) $\frac{d}{dx}(f(x).g(x))=f(x)\frac{d}{dx}g(x)+g(x)\frac{d}{dx}f(x)$

(ii) $\frac{d}{dx}(u.v.w.)=u.v.\frac{dw}{dx}+v.w.\frac{du}{dx}+u.w.\frac{dv}{dx}$

(5) **अदिश गुणन नियम :** $\frac{d}{dx}(k\,f(x))=k\frac{d}{dx}f(x)$

(6) **विभाजन नियम :** $\frac{d}{dx}\left(\frac{f(x)}{g(x)}\right)=\frac{g(x)\frac{d}{dx}(f(x))-f(x)\frac{d}{dx}(g(x))}{(g(x))^2}$,

जबकि $g(x)\neq 0$.

अवकलन की विधियाँ (Methods of differentiation)

(1) **अस्पष्ट फलनों का अवकलन** : यदि y को पूर्ण रूप से x के पदों में व्यक्त किया जा सके, तो हम y को x का स्पष्ट फलन कहते हैं। ***उदाहरणार्थ :*** $y=\sin x, y=e, y=x+x+1$ इत्यादि। यदि y, x से सम्बन्धित है तथा $y=f(x)$ के रूप में उसे सुविधापूर्वक व्यक्त नहीं कर सकते हैं परन्तु $f(x,y)=0$ के रूप में व्यक्त कर सकते हैं तो हम y को x का अस्पष्ट फलन कहते हैं।

(i) **कार्यविधि** : (a) $f(x,y)=0$ के प्रत्येक पद का x के सापेक्ष अवकलन करते हैं।

(b) $\frac{dy}{dx}$ के सभी पद एक पक्ष में तथा शेष पद दूसरे पक्ष में स्थानान्तरित करते हैं।

(c) $\frac{dy}{dx}$ को x व y दोनों के फलन के रूप में व्यक्त करते हैं।

• अस्पष्ट अवकलन की स्थिति में $\frac{dy}{dx}$, x और y दोनों के पद सम्मिलित कर सकता है।

(ii) **कार्यविधि** : यदि $f(x, y)=$ अचर, तो $\frac{dy}{dx}=-\frac{\left(\frac{\partial f}{\partial x}\right)}{\left(\frac{\partial f}{\partial y}\right)}$,

जहाँ $\frac{\partial f}{\partial x}$ व $\frac{\partial f}{\partial y}$ क्रमशः x व y के सापेक्ष, $f(x,y)$ के आंशिक अवकल गुणांक हैं।

(2) **लघुगणकीय अवकलन** (Logarithmic differentiation) **:** यदि किसी दिए गये फलन के दोनों पक्षों का लघुगणक लेकर प्राप्त परिणाम का अवकलन करते हैं तो अवकलन की यह विधि लघुगणकीय अवकलन कहलाती है। अवकलन की यह विधि निम्न रूप के फलनों के लिए उपयोगी रहती है।

(i) $y=[f(x)]^{g(x)}$, जहाँ $f(x)$ व $g(x)$, x के फलन हैं। इस तरह के फलनों के अवकलन के लिए निम्न प्रक्रिया अपनाते हैं:

माना $y=[f(x)]^{g(x)}$.

दोनों पक्षों का लघुगणक लेने पर, $\log y=g(x).\log f(x)$.

(ii) $y=\frac{f_1(x).f_2(x)}{g_1(x).g_2(x)}$

दोनों पक्षों का लघुगणक लेने पर,

$$\log y=\log[f_1(x)]+\log[f_2(x)]-\log[g_1(x)]-\log[g_2(x)]$$

x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$\frac{1}{y}\frac{dy}{dx}=\frac{f_1'(x)}{f_1(x)}+\frac{f_2'(x)}{f_2(x)}-\frac{g_1'(x)}{g_1(x)}-\frac{g_2'(x)}{g_2(x)}.$$

(3) **प्राचलिक फलनों का अवकलन :** यदि x और y किसी एक चर के फलन के रूप में दिए गये हैं अर्थात् $x=\phi(t)$, $y=\psi(t)$ दो फलन हैं और

t एक चर है। इस स्थिति में x और y प्राचलिक फलन या प्राचलिक समीकरण कहलाते हैं तथा t प्राचल कहलाता है। प्राचलिक फलन की स्थिति में $\frac{dy}{dx}$ का मान ज्ञात करने के लिए हम सर्वप्रथम फलन में प्रयुक्त प्राचल t का विलोपन करके x और y दोनों में सम्बन्ध प्राप्त करते हैं और फिर उनका x के सापेक्ष अवकलन करते हैं। लेकिन यदि प्राचल t का विलोपन कठिन हो तो $\frac{dy}{dx}$ का मान सूत्र $\frac{dy}{dx}=\frac{dy/dt}{dx/dt}$ से ज्ञात करते है।

(4) **अनन्त श्रेणियों का अवकलन :** जब y, चर x की अनन्त श्रेणी के रूप में दिया गया हो तथा हमें $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात करना हो तो हम इस तथ्य का उपयोग करते हैं, कि अनन्त श्रेणी से एक या अधिक पद हटा दें तो श्रेणी अप्रभावित रहती है।

(i) यदि $y=\sqrt{f(x)+\sqrt{f(x)+\sqrt{f(x)+....\infty}}}$, तब $y=\sqrt{f(x)+y}$

$\Rightarrow y^2=f(x)+y \Rightarrow 2y\frac{dy}{dx}=f'(x)+\frac{dy}{dx}$

$\therefore \frac{dy}{dx}=\frac{f'(x)}{2y-1}.$

(ii) यदि $y=f(x)^{f(x)f(x)^{f(x)....\infty}}$, तब $y=f(x)^y$

$\therefore \log y=y\log f(x);\ \frac{1}{y}\frac{dy}{dx}=\frac{y.f'(x)}{f(x)}+\log f(x).\frac{dy}{dx}$

$\therefore \frac{dy}{dx}=\frac{y^2f'(x)}{f(x)[1-y\log f(x)]}$

(iii) यदि $y=f(x)+\frac{1}{f(x)+\frac{1}{f(x)+....\infty}}$, तब $\frac{dy}{dx}=\frac{yf'(x)}{2y-f(x)}.$

(5) **संयुक्त फलनों का अवकलन :** माना कोई फलन $fog(x)$ या $f[g(x)]$ के रूप में दिया गया है।

कार्यविधि : श्रृखंला नियम (Chain rule) से अवलकन करने पर, $\frac{d}{dx}f[g(x)]=f'[g(x)].g'(x).$

एक फलन का दूसरे फलन के सापेक्ष अवकलन (Differentiation of a function w.r.t. another function)

माना $u=f(x)$ और $v=g(x)$, x के दो फलन हैं, तब फलन $f(x)$ का अवकलन, फलन $g(x)$ के सापेक्ष निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है $\frac{du}{dv}=\frac{du/dx}{dv/dx}.$

उत्तरोत्तर अवकलन या उच्चकोटि के अवकलज (Successive differentiation or higher order derivatives)

(1) **परिभाषा एवं निरूपण :** यदि y, x का फलन है व x के सापेक्ष अवकलनीय है तो इसका अवकलज $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात किया जा सकता है, जो प्रथम कोटि का अवकलज कहलाता है। यदि $\frac{dy}{dx}$ भी अवकलनीय फलन है तो इसे पुनः x के सापेक्ष अवकलित कर सकते हैं तथा इसे $\frac{d^2y}{dx^2}$ से प्रदर्शित करते हैं, जो y का x के सापेक्ष द्वितीय कोटि का अवकलज कहलाता है और यदि $\frac{d^2y}{dx^2}$ भी अवकलनीय है तो इसका अवकलज y का तृतीय कोटि का अवकलज कहलाता है जिसे $\frac{d^3y}{dx^3}$ से प्रदर्शित करते हैं। ये सभी अवकलज उत्तरोत्तर अवकलज कहलाते हैं तथा इस प्रक्रिया को उत्तरोत्तर अवकलन कहते हैं। $y=f(x)$ के उत्तरोत्तर अवकलन को सांकेतिक रूप में निम्न प्रकार प्रदर्शित करते हैं :

$y_1,\ y_2,\ y_3,.....,\ y_n,.....\qquad y',\ y'',\ y'''.....,\ y^n,.....$

$Dy,\ D^2y,\ D^3y.....,\ D^ny,.....,\quad$ (जहाँ $D=\frac{d}{dx}$)

$\frac{dy}{dx},\ \frac{d^2y}{dx^2},\ \frac{d^3y}{dx^3},.....\ \frac{d^ny}{dx^n},.....$ ..

$f'(x),\ f''(x),\ f'''(x),..... .,\ f^n(x),.....$

यदि $y=f(x)$ तो बिन्दु $x=a$ पर फलन $f(x)$ का nवाँ अवकलज सामान्यतः निम्न प्रकार प्रदर्शित किया जाता है

$\left(\frac{d^ny}{dx^n}\right)_{x=a}$ या $(y_n)_{x=a}$ या $(y^n)_{x=a}$ या $f^n(a)$

(2) **कुछ महत्वपूर्ण फलनों के n वें अवकलज**

(i) (a) $\frac{d^n}{dx^n}\sin(ax+b)=a^n\sin\left(\frac{n\pi}{2}+ax+b\right)$

(b) $\frac{d^n}{dx^n}\cos(ax+b)=a^n\cos\left(\frac{n\pi}{2}+ax+b\right)$

(ii) $\frac{d^n}{dx^n}(ax+b)^m=\frac{m!}{(m-n)!}a^n(ax+b)^{m-n},$ जहाँ $m>n$

विशेष स्थितियाँ :

(a) जब $m=n$; $D^n\{(ax+b)^n\}=a^n.n!$

(b) • जब $a=1,b=0$, तब $y=x^m$

$\therefore D^n(x^m)=m(m-1).....(m-n+1)x^{m-n}=\frac{m!}{(m-n)!}x^{m-n}$

• जब $m<n, D^n\{(ax+b)^m\}=0$

(c) जब $a=1,b=0$ तथा $m=n$,

तब $y=x^n;\therefore D^n(x^n)=n!$

(d) जब $m=-1,\ y=\frac{1}{(ax+b)}$

$D^n(y)=a^n(-1)(-2)(-3).....(-n)(ax+b)^{-1-n}$

$=a^n(-1)^n(1.2.3.....n)(ax+b)^{-1-n}=\frac{a^n(-1)^nn!}{(ax+b)^{n+1}}$

(iii) $\frac{d^n}{dx^n}\log(ax+b)=\frac{(-1)^{n-1}(n-1)!a^n}{(ax+b)^n}$

(iv) $\frac{d^n}{dx^n}(e^{ax})=a^ne^{ax}$

(v) $\frac{d^n(a^x)}{dx^n}=a^x(\log a)^n$

(vi) (a) $\frac{d^n}{dx^n}e^{ax}\sin(bx+c)=r^n e^{ax}\sin(bx+c+n\phi)$,

जहाँ $r=\sqrt{a^2+b^2}; \phi=\tan^{-1}\frac{b}{a}$

(b) $\frac{d^n}{dx^n}e^{ax}\cos(bx+c)=r^n e^{ax}\cos(bx+c+n\phi)$

आंशिक भिन्नों के उपयोग से *n* वॉ अवकलज ज्ञात करना
(n^{th} derivatives using partial fractions)

बीजगणितीय व्यंजकों जिनके अंश तथा हर परिमेय बीजगणितीय व्यंजक हो, का nवाँ अवकलज ज्ञात करने के लिए व्यंजक को सर्वप्रथम आंशिक भिन्नों में वियोजित करते हैं तथा उसके उपरान्त $\frac{1}{ax+b}$ के nवें अवकलज को ज्ञात करने वाले सूत्र का उपयोग करते हैं।

समाकलनीय फलन का अवकलन
(Differentiation of integral function)

यदि $g_1(x)$ व $g_2(x)$ दोनों फलन अन्तराल $[a, b]$ में परिभाषित है और बिन्दु $x\in(a,b)$ में अवकलनीय हैं तथा $f(t)$, $g_1(a)\le f(t)\le g_2(b)$ के लिए सतत् हैं, तो

$$\frac{d}{dx}\int_{g_1(x)}^{g_2(x)} f(t)dt = f[g_2(x)]g_2'(x)-f[g_1(x)]g_1'(x)$$

$$= f[g_2(x)]\frac{d}{dx}g_2(x)-f[g_1(x)]\frac{d}{dx}g_1(x).$$

लैबनीज प्रमेय (Leibntiz's theorem)

जर्मन गणितज्ञ जी. डब्ल्यू. लैबनीज ने दो फलनों के गुणनफल के nवें अवकल गुणांक को ज्ञात करने के लिए एक विधि दी है। यह विधि लैबनीज प्रमेय के नाम से जानी जाती है।

प्रमेय का कथन : यदि u व v, x के दो फलन इस प्रकार हैं कि उनके nवें अवकलज अस्तित्व में हैं, तो

$$D^n(u.v.) = {}^nC_0(D^nu)v+{}^nC_1D^{n-1}u.Dv+{}^nC_2D^{n-2}u.D^2v+..........$$

$$+{}^nC_rD^{n-r}u.D^rv+.........+u.(D^nv)$$

इस प्रमेय के द्वारा फलन का nवाँ अवकलज ज्ञात करने के लिए प्रथम व द्वितीय फलन का उचित चयन (Proper selection) करना चाहिए। प्रथम फलन का चयन इस प्रकार होना चाहिए कि इसका nवाँ अवकलज सूत्र के द्वारा ज्ञात किया जा सके। द्वितीय फलन इस प्रकार होना चाहिए कि कुछ पदों तक उत्तरोत्तर अवकलन करने पर शून्य हो जाये, जिससे इसकी पुनः लिखने की आवश्यकता न रहे।

आंशिक अवकलन

परिभाषा (Definition)

$f(x,y)$ का x के सापेक्ष आंशिक अवकलन, $f(x,y)$ का सामान्य अवकलन गुणांक कहलाता है, जबकि y को अचर लिया जाये। इसे $\frac{\partial f}{\partial x}$ या $D_x f$ या f_x द्वारा प्रदर्शित करते हैं।

इस प्रकार, $\frac{\partial f}{\partial x}=\lim_{h\to 0}\frac{f(x+h,y)-f(x,y)}{h}$

पुनः $f(x,y)$ का y के सापेक्ष आंशिक अवकलन, $f(x,y)$ का सामान्य अवकलन गुणांक कहलाता है, जबकि x को अचर लिया जाये।

इस प्रकार, $\frac{\partial f}{\partial y}=\lim_{k\to 0}\frac{f(x,y+k)-f(x,y)}{k}$

उदाहरणार्थ: यदि $z=f(x,y)=x^4+y^4+3xy^2+x^2y+x+2y$

तब $\frac{\partial z}{\partial x}$ या $\frac{\partial f}{\partial x}$ या $f_x=4x^3+3y^2+2xy+1$,

(जबकि y अचर है)

$\frac{\partial z}{\partial y}$ या $\frac{\partial f}{\partial y}$ या $f_y=4y^3+6xy+x^2+2$,

(जबकि x अचर है)

उच्च कोटि के आंशिक अवकलज
(Partial derivatives of higher order)

माना दो चरों का फलन $f(x,y)$ इस प्रकार है, कि $\frac{\partial f}{\partial x},\frac{\partial f}{\partial y}$ दोनों का अस्तित्व है।

(1) $\frac{\partial f}{\partial x}$ का x के सापेक्ष आंशिक अवकलज $\frac{\partial^2 f}{\partial x^2}$ या f_{xx} से प्रदर्शित होता है।

(2) $\frac{\partial f}{\partial y}$ का y के सापेक्ष आंशिक अवकलज $\frac{\partial^2 f}{\partial y^2}$ या f_{yy} से प्रदर्शित होता है।

(3) $\frac{\partial f}{\partial x}$ का y के सापेक्ष आंशिक अवकलज $\frac{\partial^2 f}{\partial y\,\partial x}$ या f_{xy} से प्रदर्शित होता है।

(4) $\frac{\partial f}{\partial y}$ का x के सापेक्ष आंशिक अवकलज $\frac{\partial^2 f}{\partial y\partial x}$ या f_{yx} से प्रदर्शित होता है।

उपरोक्त चारों द्वितीय कोटि के आंशिक अवकलज हैं।

- यदि $f(x,y)$ सतत् आंशिक अवकलज रखता है, तब सभी सामान्य स्थितियों में $\frac{\partial^2 f}{\partial x\,\partial y}=\frac{\partial^2 f}{\partial y\,\partial x}$ या $f_{xy}=f_{yx}$.

समघातीय फलनों के लिये यूलर प्रमेय
(Euler's theorem on homogeneous functions)

यदि $f(x,y)$, x व y में n घात का समघातीय फलन है, तब

$$x\frac{\partial f}{\partial x}+y\frac{\partial f}{\partial y}=nf.$$

यूलर प्रमेय से सम्बन्धित तथ्य
(Deduction of Euler's theorem)

यदि $f(x,y)$, x व y में n घात का समघातीय फलन है, तब

(1) $x\frac{\partial^2 f}{\partial x^2}+y\frac{\partial^2 f}{\partial x\,\partial y}=(n-1)\frac{\partial f}{\partial x}$

(2) $x\frac{\partial^2 f}{\partial y\,\partial x}+y\frac{\partial^2 f}{\partial y^2}=(n-1)\frac{\partial f}{\partial y}$

(3) $x^2\frac{\partial^2 f}{\partial x^2}+2xy\frac{\partial^2 f}{\partial x\,\partial y}+y^2\frac{\partial^2 f}{\partial y^2}=n(n-1)f(x,y)$

अवकलन के अनुप्रयोग

यांत्रिकी में अनुप्रयोग एवं परिवर्तन की दर

रेखीय गति में वेग तथा त्वरण
(Velocity and acceleration in rectilinear motion)

किसी गतिशील कण की समय के सापेक्ष विस्थापन में परिवर्तन की दर वेग तथा समय के सापेक्ष वेग में परिवर्तन की दर त्वरण कहलाती है।

माना समय t पर कण के वेग व त्वरण क्रमशः v तथा a हों, तो

वेग $(v)=\frac{ds}{dt}$; त्वरण $(a)=\frac{dv}{dt}=\frac{d^2s}{dt^2}$.

अवकलज का परिवर्तन की दर की तरह व्यवहार
(Derivative as the rate of change)

यदि एक चर राशि y का t में फलन $y=f(t)$ है, तब समय Δt के मान में थोड़ा सा भी परिवर्तन होने पर y के मान में संगत परिवर्तन Δy होता है।

इस प्रकार, औसत परिवर्तन की दर $=\frac{\Delta y}{\Delta t}$

x के सापेक्ष y का अवकल गुणांक अर्थात् $\frac{dy}{dx}$, x के सापेक्ष y में परिवर्तन की दर है।

स्पर्श रेखा एवं अभिलम्ब

स्पर्श रेखा एवं अभिलम्ब की प्रवणता
(Slope of the tangent and normal)

(1) **स्पर्श रेखा की प्रवणता :** यदि किसी वक्र $y=f(x)$ के एक बिंदु $P(x_1,y_1)$ पर स्पर्श रेखा खींची जायें और यह स्पर्श रेखा x-अक्ष की धनात्मक दिशा से ψ कोण बनाती है, तब



स्पर्श रेखा की प्रवणता $=\tan\psi=\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}$

- यदि स्पर्श रेखा x-अक्ष के समान्तर हो, तब

$$\psi=0\Rightarrow\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}=0$$

- यदि स्पर्श रेखा x-अक्ष के लम्बवत् हो,तब

$$\psi=\frac{\pi}{2}\Rightarrow\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}=\infty$$

(2) **अभिलम्ब की प्रवणता :** किसी वक्र के एक बिन्दु $P(x_1,y_1)$ पर अभिलम्ब वह रेखा है जो बिन्दु P पर खींची गई स्पर्श रेखा पर लम्ब हो तथा बिन्दु P से गुजरती हो, तब

अभिलम्ब की प्रवणता $=\frac{-1}{\text{स्पर्श रेखा की प्रवणता}}$

$$=\frac{-1}{\left(\frac{dy}{dx}\right)_{P(x_1,y_1)}}=-\left(\frac{dx}{dy}\right)_{P(x_1,y_1)}$$

- यदि अभिलम्ब x-अक्ष के समान्तर हो, तब

$$-\left(\frac{dx}{dy}\right)_{(x_1,y_1)}=0 \text{ या } \left(\frac{dx}{dy}\right)_{(x_1,y_1)}=0$$

- यदि अभिलम्ब x-अक्ष पर लम्ब हो (या y-अक्ष के समान्तर हो), तब

$$-\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}=0$$

स्पर्श रेखा एवं अभिलम्ब के समीकरण
(Equation of the tangent and normal)

(1) **स्पर्श रेखा का समीकरण :** वक्र $y=f(x)$ के बिन्दु $P(x_1,y_1)$ पर स्पर्श रेखा का समीकरण है, $y-y_1=\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}(x-x_1)$

(2) **अभिलम्ब का समीकरण :** वक्र $y=f(x)$ के बिन्दु $P(x_1,y_1)$ पर अभिलम्ब का समीकरण है, $y-y_1=\frac{-1}{\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}}(x-x_1)$

दो वक्रों का प्रतिच्छेदन कोण
(Angle of intersection of two curves)

दो वक्रों का प्रतिच्छेदन कोण दोनों वक्रों के प्रतिच्छेद बिन्दु पर खींची गई स्पर्श रेखाओं के बीच का कोण है।

अतः दोनों वक्रों $y=f_1(x)$ एवं $y=f_2(x)$ की स्पर्श रेखाओं के बीच का कोण है, $\tan\phi=\frac{\left(\frac{dy}{dx}\right)_{1(x_1,y_1)}-\left(\frac{dy}{dx}\right)_{2(x_1,y_1)}}{1+\left(\frac{dy}{dx}\right)_{1(x_1,y_1)}\left(\frac{dy}{dx}\right)_{2(x_1,y_1)}}$

समकोणीय या लाम्बिक वक्र : यदि दो वक्रों का प्रतिच्छेद कोण एक समकोण हो, तो दोनों वक्रों को समकोणीय वक्र या लाम्बिक वक्र कहते हैं।

यदि वक्र समकोणीय हों, तो $\phi=\frac{\pi}{2}$

अतः $m_1m_2=-1\Rightarrow\left(\frac{dy}{dx}\right)_1\left(\frac{dy}{dx}\right)_2=-1$

स्पर्श रेखा, अभिलम्ब, अधोस्पर्श रेखा एवं अधोलम्ब की लम्बाई
(Length of tangent, normal, subtangent and subnormal)



(1) **स्पर्श रेखा की लम्बाई** : $PA = y \text{ cosec } \psi = y\dfrac{\sqrt{1+\left(\dfrac{dy}{dx}\right)^2}}{\left(\dfrac{dy}{dx}\right)}$

(2) **अभिलम्ब की लम्बाई** : $PB = y \sec \psi = y\sqrt{1+\left(\dfrac{dy}{dx}\right)^2}$

(3) **अधोस्पर्शी की लम्बाई** : $AC = y \cot \psi = \dfrac{y}{\left(\dfrac{dy}{dx}\right)}$

(4) **अधोलम्ब की लम्बाई** : $BC = y \tan \psi = y\left(\dfrac{dy}{dx}\right)$.

अक्षों पर स्पर्श रेखा के अन्तःखण्डों की लम्बाई
(Length of intercept made on axes by the tangent)

वक्र $y = f(x)$ के बिन्दु (x_1, y_1) पर स्पर्श रेखा का समीकरण $y - y_1 = \left(\dfrac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}(x - x_1)$ है, तब x-अक्ष पर कटा अन्तःखण्ड $= OQ = x_1 - \left[\dfrac{y_1}{\left(\dfrac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}}\right]$

y–अक्ष पर कटा अन्तःखण्ड $= OR$ तथा $y_1 - \left[x_1\left(\dfrac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}\right]$.

मूल बिन्दु से स्पर्श रेखा पर लम्ब की लम्बाई
(Length of perpendicular from origin to the tangent)

वक्र $y = f(x)$ के किसी बिन्दु $P(x_1, y_1)$ पर खींची गई स्पर्श रेखा पर मूल बिन्दु से डाले गए लम्ब की लम्बाई है, $p = \left|\dfrac{y_1 - x_1\left(\dfrac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}}{\sqrt{1+\left(\dfrac{dy}{dx}\right)^2}}\right|$

.

उच्चिष्ठ तथा निम्निष्ठ

परिभाषा (Definition)

(1) फलन $f(x), x = a$ पर स्थानीय उच्चिष्ठ कहलाता है, यदि a के लघुसामीप्य $(a-\delta, a+\delta)$ का अस्तित्व इस प्रकार है कि $f(x) < f(a)$, $\forall$ $x \in (a-\delta, a+\delta), x \neq a$.

या $f(x) - f(a) < 0$, $\forall$ $x \in (a-\delta, a+\delta), x \neq a$.

इस स्थिति में $f(a)$, $x = a$ पर $f(x)$ का स्थानीय उच्चिष्ठ मान कहलाता है।

(2) फलन $f(x), x = a$ पर स्थानीय निम्निष्ठ कहलाता है यदि a के लघुसामीप्य $(a-\delta, a+\delta)$ का अस्तित्व इस प्रकार है कि

$f(x) > f(a)$ $\forall$ $x \in (a-\delta, a+\delta), x \neq a$

या $f(x) - f(a) > 0$ $\forall$ $x \in (a-\delta, a+\delta), x \neq a$

$x = a$ पर फलन का मान अर्थात् $f(a)$, $x = a$ पर $f(x)$ का स्थानीय निम्निष्ठ मान कहलाता है।

वे बिन्दु जिस पर फलन स्थानीय उच्चिष्ठ या स्थानीय निम्निष्ठ मान रखता है चरम बिन्दु कहलाते हैं तथा स्थानीय उच्चिष्ठ व स्थानीय निम्निष्ठ मानों को फलन $f(x)$ का चरम मान कहते हैं। इस प्रकार एक फलन $x = a$ पर चरम मान रखता है यदि $f(a)$, या तो स्थानीय उच्चिष्ठ मान हो या स्थानीय निम्निष्ठ मान हो।

परिणामतः चरम बिन्दु 'a' के लिए $f(x) - f(a)$, x के सभी मानों के लिए a के सामीप्य में एक जैसा चिन्ह रखता है।

चरम मानों के लिए आवश्यक प्रतिबन्ध
(Necessary condition for extreme values)

फलन $f(x)$ का चरम बिन्दु $f(a)$ होने के लिये आवश्यक प्रतिबन्ध इस प्रकार है कि $f'(a) = 0$, यदि $f'(a)$ का अस्तित्व है।

(1) इस परिणाम का आशय है कि यदि अवकलज का अस्तित्व है तो इसे चरम बिन्दुओं पर शून्य होना चाहिए। यद्यपि कोई फलन किसी बिन्दु पर चरम मान तब भी रख सकता है जबकि उस बिन्दु पर अवकलनीय न हो।

उदाहरणार्थ : फलन $f(x) = |x|$ का $x = 0$ पर न्यूनतम मान है जबकि यह $x = 0$ पर अवकलनीय नहीं है।

(2) यह प्रतिबन्ध बिन्दु $x = a$ के चरम मान होने के लिए आवश्यक प्रतिबन्ध है। यह पर्याप्त नहीं है अर्थात्, $f'(a) = 0$ यह प्रदर्शित नहीं करता है कि $x = a$ एक चरम बिन्दु है क्योंकि ऐसे कई फलन हैं जिनका प्रथम अवकलज $x = a$ पर शून्य हो जाता है, परन्तु यह बिन्दु चरम बिन्दु नहीं होता है।

उदाहरणार्थ : $f(x) = x^3$, $x = a$ पर चरम मान नहीं रखता परन्तु $f'(0) = 0$.

(3) ज्यामितीय रूप से उपरोक्त प्रतिबन्ध का अर्थ है कि वक्र $y = f(x)$ के उस बिन्दु पर स्पर्शी जहाँ कोटि उच्चिष्ठ या निम्निष्ठ है, x-अक्ष के समान्तर होती है।

(4) x के वे मान जिन पर $f'(x) = 0$ है, स्थिर बिन्दु या क्रान्तिक बिन्दु कहलाते हैं एवं इनके संगत फलन $f(x)$ का मान स्थिर (Stationary) या क्रान्तिक (Turning) मान कहलाता है।

(5) वे बिन्दु जहाँ पर फलन उच्चिष्ठ (या निम्निष्ठ) मान ग्रहण करता है उन्हें स्थानीय उच्चिष्ठ (या स्थानीय निम्निष्ठ) बिन्दु कहते हैं एवं इन बिन्दुओं के संगत मान को स्थानीय उच्चिष्ठ (या स्थानीय निम्निष्ठ) मान कहते हैं।

चरम मान निकालने के लिए प्रथम अवकलज परीक्षण (First derivatives test for extreme values)

माना $f(x)$ एक ऐसा फलन है जो $x = a$ पर अवकलनीय है, तो

(1) $f(x)$ का एक स्थानीय उच्चिष्ठ बिन्दु $x = a$ होगा, यदि

(i) $f'(a) = 0$ एवं

(ii) $f'(a)$ का मान धनात्मक से ऋणात्मक होना चाहिए जब x, a से गुजरता हो अर्थात् a के बायें सामीप्य $(a-\delta, a)$ में $f'(x)>0$ होना चाहिए तथा a के दायें सामीप्य $(a, a+\delta)$ में $f'(x)<0$ होना चाहिए।

(2) $f(x)$ का स्थानीय निम्निष्ठ बिन्दु $x=a$ होगा यदि

(i) $f'(a)=0$ एवं

(ii) $f'(a)$ का चिन्ह ऋणात्मक से धनात्मक में परिवर्तित होता है, जबकि x, a से गुजरता है अर्थात् a के बायें सामीप्य $(a-\delta, a)$ में $f'(x)<0$ तथा a के दायें सामीप्य $(a, a+\delta)$ में $f'(x)>0$ होना चाहिए।

(3) यदि $f'(a)=0$ परन्तु $f'(a)$ का चिन्ह परिवर्तित नहीं होता है अर्थात् $f'(a)$ का a के पूर्ण सामीप्य में चिन्ह नहीं बदलता है, तब a न तो स्थानीय उच्चिष्ठ और न ही स्थानीय निम्निष्ठ बिन्दु होगा।

फलन $f(x)$ के चरम मान ज्ञात करने की कार्यकारी विधि :

पद I : $y=f(x)$ रखें।

पद II : $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात करें।

पद III : $\frac{dy}{dx}=0$ रखें एवं इस समीकरण को x के लिए हल करें। माना $x=c_1, c_2, ..., c_n$; $\frac{dy}{dx}=0$ के हल हैं तो इन्हें x के स्थिर मान (Stationary values) कहते हैं।

पद IV : माना $x=c_1$. अब यदि $\frac{dy}{dx}$ का चिन्ह धनात्मक से ऋणात्मक होता हो, जब x, c से गुजरता है तो $x=c_1$ पर फलन एक स्थानीय उच्चिष्ठ रखता है। यदि यह ऋणात्मक से धनात्मक में परिवर्तित होता है तो $x=c_1$ पर फलन एक स्थानीय निम्निष्ठ रखता है। जब चिन्ह परिवर्तित न हो तो इस बिन्दु पर न तो स्थानीय उच्चिष्ठ होगा और न ही स्थानीय निम्निष्ठ होगा।

उच्च कोटि अवकलज परीक्षण (Higher partial derivatives)

(1) $f'(x)$ ज्ञात करके इसकी '0' (शून्य) से तुलना करते हैं। अब $f'(x)=0$ को हल करते हैं। माना मूल $x=a_1, a_2 .....$ हैं।

(2) $f''(x)$ ज्ञात करते हैं। अब यदि $x=a_1$ पर ;

(i) यदि $f''(a_1)$ धनात्मक है तो $f(x)$, $x=a_1$ पर निम्निष्ठ है।

(ii) यदि $f''(a_1)$ ऋणात्मक है तो $f(x)$, $x=a_1$ पर उच्चिष्ठ है।

(iii) यदि $f''(a_1)=0$ तो आगे बिन्दु (3) के अनुसार हल करेंगें।

(3) यदि $f''(a_1)=0$ तो $f'''(x)$ ज्ञात करते हैं। यदि $f'''(a_1)\neq 0$, तो $f(x)$, $x=a_1$ पर न तो उच्चिष्ठ है और न ही निम्निष्ठ है।

(i) यदि $f'''(a_1)=0$ तो $f^{iv}(x)$ ज्ञात करते हैं।

(ii) यदि $f^{iv}(x)$ = धनात्मक (निम्निष्ठ मान)

$f^{iv}(x)$ = ऋणात्मक (उच्चिष्ठ मान)

(4) यदि $x=a_1$ पर $f^{iv}(a_1)=0$, तो $f^{v}(x)$ ज्ञात करते हैं एवं आवश्यकतानुसार इसी प्रकार प्रक्रिया को दोहराते हैं।

उच्चिष्ठ तथा निम्निष्ठ के गुण (Properties of maxima and minima)

(i) यदि $f(x)$ इसके प्रान्त (डोमेन) में सतत् हैं तो x के दो मानों के मध्य कम से कम एक उच्चिष्ठ और एक निम्निष्ठ मान अवश्य होगा।

(ii) उच्चिष्ठ तथा निम्निष्ठ एकान्तर क्रम में होते हैं अर्थात् दो उच्चिष्ठ के बीच एक निम्निष्ठ होता है तथा इसका विलोम भी सत्य है।

(iii) यदि a तथा b के मध्य x के केवल एक मान (माना c) के लिए $f(x)\to\infty$ जबकि $x\to a$ या b और $f'(x)=0$, तब $f(c)$ आवश्यक रूप से निम्निष्ठ व न्यूनतम मान है।

यदि $f(x)\to -\infty$ जबकि $x\to a$ या b, तब $f(c)$ आवश्यक रूप से उच्चिष्ठ और महत्तम मान है।

अन्तराल [a, b] में फलन का महत्तम व लघुत्तम मान (Greatest and least values of a function defined on an interval [a, b])

किसी फलन $f(x)$ का $c\in[a,b]$ के लिए स्थानीय उच्चिष्ठ (या स्थानीय निम्निष्ठ) मान का अर्थ है कि यह फलन का c के सामीप्य में महत्तम या लघुत्तम मान है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि यह फलन का $[a,b]$ में महत्तम या लघुत्तम मान है।

किसी फलन के अन्तराल $[a, b]$ में कई स्थानीय उच्चिष्ठ व निम्निष्ठ मान हो सकते हैं तथा सापेक्ष स्थानीय निम्निष्ठ का मान स्थानीय उच्चिष्ठ मान से बड़ा भी हो सकता है।

अतः किसी भी अन्तराल में स्थानीय उच्चिष्ठ मान को महत्तम एवं स्थानीय निम्निष्ठ को लघुत्तम मान नहीं माना जा सकता है।

यदि कोई फलन $f(x)$ अन्तराल $[a, b]$ में सतत् है, तो इसका महत्तम या लघुत्तम मान या तो क्रान्तिक बिन्दुओं या फिर अन्तराल $[a, b]$ के सिरे वाले बिन्दुओं पर होते हैं। अतः यदि हमें फलन $f(x)$ का अन्तराल $[a, b]$ में निरपेक्ष महत्तम (लघुत्तम) मान निकालना हो तो हमें $f(a), f(c_1), f(c_2), ..., f(c_n), f(b)$ में से महत्तम व लघुत्तम चुनना चाहिए जहाँ $x=c_1, c_2, ..., c_n$ क्रान्तिक बिन्दु हैं।

वर्धमान एवं ह्रासमान फलन

परिभाषा (Definition)

(1) **पूर्णतः वर्धमान फलन :** फलन $f(x)$, अंतराल (a, b) में पूर्णतः वर्धमान होगा, यदि $x_1<x_2\Rightarrow f(x_1)<f(x_2)\ \ \forall\ x, x\in(a, b)$.

(2) **पूर्णतः ह्रासमान फलन :** फलन $f(x)$, अन्तराल (a,b) में पूर्णतः ह्रासमान होगा, यदि $x_1<x_2\Rightarrow f(x_1)>f(x_2)\forall\ x_1, x_2\in(a, b)$.

फलन $f(x)$ एक ह्रासमान फलन नहीं होगा, यदि $f'(x)\geq 0$ तथा वर्धमान फलन नहीं होगा, यदि $f'(x)\leq 0$.

(3) **एकदिष्ट फलन** (Monotonic function)**:** किसी अन्तराल में फलन f एकदिष्ट होगा यदि यह उस अंतराल में या तो वर्धमान है या ह्रासमान है।

सारणी : 22.2

$f'(a_1)$	$f''(a_1)$	$f'''(a_1)$	a_1 पर f का व्यवहार
+			वर्धमान
−			ह्रासमान
0	+		न्यूनतम
0	−−		अधिकतम
0	0		
0	0	±	?
	0	0	नति परिवर्तन
			?

• रिक्त स्थान प्रदर्शित करता है कि a पर फलन कोई भी मान ग्रहण कर सकता है।

• प्रश्न चिन्ह् यह दर्शाता है कि दिये गये आंकड़ों के आधार पर f का व्यवहार ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

एकदिष्ट फलन के गुण-धर्म
(Properties of monotonic functions)

(1) यदि अन्तराल $[a, b]$ में $f(x)$ पूर्णतः वर्धमान है तो f^{-1} अस्तित्व में होगा एवं यह भी पूर्णतः वर्धमान फलन होगा।

(2) यदि अन्तराल $[a, b]$ में $f(x)$ पूर्णतः वर्धमान है तथा इस प्रकार है कि यह सतत् है, तो f^{-1} अन्तराल $[f(a), f(b)]$ में सतत् होगा।

(3) यदि अन्तराल $[a, b]$ में $f(x)$ इस प्रकार से सतत् है कि $f'(c) \geq 0 (f'(c) > 0) \ \forall \ c \in (a, b)$, तो $f(x)$; अन्तराल $[a, b]$ में एकदिष्ट (या पूर्णतः) वर्धमान फलन होगा।

(4) यदि अन्तराल $[a, b]$ में $f(x)$ इस प्रकार से सतत् है कि $f'(c) \leq 0 (f'(c) < 0) \ \forall \ c \in (a, b)$, तो $f(x)$; अन्तराल $[a, b]$ में एकदिष्ट (या पूर्णतः) ह्रासमान फलन होगा।

(5) यदि $f(x)$ एवं $g(x)$, अन्तराल $[a, b]$ में एकदिष्ट (या पूर्णतः) वर्धमान (या ह्रासमान) फलन हों, तो $gof(x)$ अन्तराल $[a, b]$ में एकदिष्ट (या पूर्णतः) वर्धमान फलन होगा।

(6) यदि $f(x)$ एवं $g(x)$ में से कोई एक पूर्णतः (या एकदिष्ट) वर्धमान तथा दूसरा पूर्णतः (या एक दिष्ट) ह्रासमान हो, तो $gof(x)$ अन्तराल $[a, b]$ में पूर्णतः (या एकदिष्ट) ह्रासमान होगा।

रोले का प्रमेय एवं लैंगराज का मध्यमान प्रमेय

रोले का प्रमेय (Rolle's theorem)

माना f कोई वास्तविक फलन है, जो कि बन्द अन्तराल $[a, b]$ में इस प्रकार परिभाषित है, कि

(1) $f(x)$ संवृत (बन्द) अंतराल $[a, b]$ में सतत् है।

(2) $f(x)$ विवृत (खुला) अंतराल $]a, b[$ या (a, b) में अवकलनीय है।

(3) $f(a) = f(b)$ तब विवृत अंतराल (a, b) में कम से कम कोई एक बिन्दु 'c' इस प्रकार होगा, कि $f'(c) = 0$.

लैंगराज का मध्यमान प्रमेय
(Larange's mean value theorem)

यदि फलन $f(x)$,

(1) संवृत अंतराल $[a, b]$ में सतत् है, तथा

(2) विवृत अंतराल (a, b) में अवकलनीय है

तब विवृत अंतराल (a, b) में कम से कम एक बिन्दु 'c' ऐसा होता है, कि $f'(c) = \frac{f(b) - f(a)}{b - a}$.

Tips & Tricks

✍ $\frac{dy}{dx}$ को $\frac{d}{dx}(y)$ लिख सकते हैं जिसमें $\frac{d}{dx}$ साधारणतः संक्रिया को प्रदर्शित करता है न कि d, dx से विभाजित है।

✍ यदि $f'(x_0) = \infty$, तो फलन बिन्दु x पर अनन्त अवकलज रखता है। इस स्थिति में वक्र $y = f(x)$ पर स्थित बिन्दु x पर खींची गयी स्पर्श रेखा x-अक्ष के लम्बवत् होती है।

✍ दिए गए परिमाप वाले आयत का क्षेत्रफल अधिकतम होगा यदि वह एक वर्ग हो।

✍ दिए गए क्षेत्रफल के आयत की परिमाप निम्नतम होगी यदि वह एक वर्ग हो।

✍ r त्रिज्या के गोले से घिरे हुए अधिकतम आयतन वाले शंकु की ऊँचाई $\frac{4r}{3}$ होगी।

✍ r त्रिज्या के गोले से घिरे हुए अधिकतम आयतन वाले लम्ब वृत्तीय बेलन की ऊँचाई $\frac{2r}{\sqrt{3}}$ होगी।

✍ यदि वक्र $y = f(x)$ पर स्थित किसी बिन्दु $P(x_1, y_1)$ पर खींची गई स्पर्श रेखा अक्षों से बराबर कोण बनाती है, तब बिन्दु P पर $\psi = \frac{\pi}{4}$ या $\frac{3\pi}{4}$. अतः P पर, $\tan\psi = \frac{dy}{dx} = \pm 1$.

Ordinary Thinking

Objective Questions

एक बिन्दु पर अवकलज, मानक अवकलन

1. $\frac{d}{dx}(\log \tan x) =$ **[MNR 1986]**

(a) $2\sec 2x$ (b) $2\operatorname{cosec} 2x$

(c) $\sec 2x$ (d) $\operatorname{cosec} 2x$

2. $\frac{d}{dx}\log(\log x) =$ **[IIT 1985]**

(a) $\frac{x}{\log x}$ (b) $\frac{\log x}{x}$

(c) $(x \log x)^{-1}$ (d) इनमें से कोई नहीं

3. $\frac{d}{dx}\left(\sqrt{x} + \frac{1}{\sqrt{x}}\right)^2 =$ **[AI CBSE 1980]**

(a) $1 - \frac{1}{x^2}$ (b) $1 + \frac{1}{x^2}$

(c) $1 - \frac{1}{2x}$ (d) इनमें से कोई नहीं

4. यदि $y = x + \frac{1}{x}$, तो

(a) $x^2\frac{dy}{dx} + xy = 0$ (b) $x^2\frac{dy}{dx} + xy + 2 = 0$

(c) $x^2\frac{dy}{dx} - xy + 2 = 0$ (d) इनमें से कोई नहीं

5. $\frac{d}{dx}\left(\frac{1}{x^4 \sec x}\right) =$

(a) $\frac{x\sin x + 4\cos x}{x^5}$ (b) $\frac{-(x\sin x + 4\cos x)}{x^5}$

(c) $\frac{4\cos x - x\sin x}{x^5}$ (d) इनमें से कोई नहीं

6. यदि $y = 1 + x + \frac{x^2}{2!} + \frac{x^3}{3!} + ... + \frac{x^n}{n!}$, तो $\frac{dy}{dx} =$

(a) y (b) $y + \frac{x^n}{n!}$

(c) $y - \frac{x^n}{n!}$ (d) $y - 1 - \frac{x^n}{n!}$

7. यदि $y = 1 + x + \frac{x^2}{2!} + \frac{x^3}{3!} + ...\infty$, तब $\frac{dy}{dx} =$ **[Karnataka CET 1999]**

(a) y (b) $y - 1$

(c) $y + 1$ (d) इनमें से कोई नहीं

8. यदि $y = \frac{1}{a - z}$, तो $\frac{dz}{dy} =$

(a) $(z - a)^2$ (b) $-(z - a)^2$

(c) $(z + a)^2$ (d) $-(z + a)^2$

9. यदि $y = x\sin x$, तो

(a) $\frac{1}{y}\frac{dy}{dx} = \frac{1}{x} + \cot x$ (b) $\frac{dy}{dx} = \frac{1}{x} + \cot x$

(c) $\frac{1}{y}\frac{dy}{dx} = \frac{1}{x} - \cot x$ (d) इनमें से कोई नहीं

10. $\frac{d}{dx}(x^2 e^x \sin x) =$

(a) $x e^x(2\sin x + x\sin x + x\cos x)$

(b) $x e^x(2\sin x + x\sin x - \cos x)$

(c) $x e^x(2\sin x + x\sin x + \cos x)$

(d) इनमें से कोई नहीं

11. $\frac{d}{dx}\left(\tan^{-1}\frac{\cos x}{1 + \sin x}\right) =$ **[AISSE 1984, 85; MNR 1983; RPET 1997]**

(a) $-\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) -1 (d) 1

12. $\frac{d}{dx}[\cos(1 - x^2)^2] =$ **[AISSE 1981; AI CBSE 1979]**

(a) $-2x(1 - x^2)\sin(1 - x^2)^2$ (b) $-4x(1 - x^2)\sin(1 - x^2)^2$

(c) $4x(1 - x^2)\sin(1 - x^2)^2$ (d) $-2(1 - x^2)\sin(1 - x^2)^2$

13. $\frac{d}{dx}\left(x^2\sin\frac{1}{x}\right) =$

(a) $\cos\left(\frac{1}{x}\right) + 2x\sin\left(\frac{1}{x}\right)$ (b) $2x\sin\left(\frac{1}{x}\right) - \cos\left(\frac{1}{x}\right)$

(c) $\cos\left(\frac{1}{x}\right) - 2x\sin\left(\frac{1}{x}\right)$ (d) इनमें से कोई नहीं

14. यदि $y = \cos(\sin x^2)$, तो $x = \sqrt{\frac{\pi}{2}}$ पर, $\frac{dy}{dx} =$

(a) -2 (b) 2

(c) $-2\sqrt{\frac{\pi}{2}}$ (d) 0

15. यदि $y = \sin^{-1}(x\sqrt{1-x} + \sqrt{x}\sqrt{1-x^2})$, तब $\frac{dy}{dx} =$ **[Roorkee 1981; MP PET 2004]**

(a) $\frac{-2x}{\sqrt{1-x^2}} + \frac{1}{2\sqrt{x-x^2}}$ (b) $\frac{-1}{\sqrt{1-x^2}} - \frac{1}{2\sqrt{x-x^2}}$

(c) $\frac{1}{\sqrt{1-x^2}} + \frac{1}{2\sqrt{x-x^2}}$ (d) इनमें से कोई नहीं

16. $\frac{d}{dx}\log|x| = ..., (x \neq 0)$

(a) $\frac{1}{x}$ (b) $-\frac{1}{x}$

(c) x (d) $-x$

17. यदि $y = a\sin x + b\cos x$, तो $y^2 + \left(\frac{dy}{dx}\right)^2$ है

(a) x का फलन (b) y का फलन

(c) x व y का फलन (d) अचर

18. यदि $f(x) = x^2 - 3x$ तो वे बिन्दु, जिन पर $f(x) = f'(x)$ होगा, हैं

(a) 1, 3 (b) 1, – 3

(c) – 1, 3 (d) इनमें से कोई नहीं

19. यदि $f(x) = mx + c, f(0) = f'(0) = 1$ तो $f(2) =$

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) – 3

20. यदि $y = 3x^5 + 4x^4 + 2x + 3$, तो

(a) $y_4 = 0$ (b) $y_5 = 0$

(c) $y_6 = 0$ (d) इनमें से कोई नहीं

21. यदि $y = x\left[\left(\cos\frac{x}{2} + \sin\frac{x}{2}\right)\left(\cos\frac{x}{2} - \sin\frac{x}{2}\right) + \sin x\right] + \frac{1}{2\sqrt{x}}$, तो $\frac{dy}{dx} =$

(a) $(1+x)\cos x + (1-x)\sin x - \frac{1}{4x\sqrt{x}}$

(b) $(1-x)\cos x + (1+x)\sin x + \frac{1}{4x\sqrt{x}}$

(c) $(1+x)\cos x + (1+x)\sin x - \frac{1}{4x\sqrt{x}}$

(d) इनमें से कोई नहीं

22. $a^x + \log x.\sin x$ का अवकलन गुणांक है

(a) $a^x \log_e a + \frac{\sin x}{x} + \log x.\cos x$

(b) $a^x + \frac{\sin x}{x} + \cos x.\log x$

(c) $a^x \log a + \frac{\cos x}{x} + \sin x.\log x.$

(d) इनमें से कोई नहीं

23. $\frac{d}{dx}\tan^{-1}\left(\frac{ax-b}{bx+a}\right) =$

(a) $\frac{1}{1+x^2} - \frac{a^2}{a^2+b^2}$ (b) $\frac{-1}{1+x^2} - \frac{a^2}{a^2+b^2}$

(c) $\frac{1}{1+x^2} + \frac{a^2}{a^2+b^2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

24. यदि $\frac{d}{dx}\left(\tan^{-1}\sqrt{\frac{1+\cos\frac{x}{2}}{1-\cos\frac{x}{2}}}\right)$, तो **[MP PET 2004]**

(a) $-\frac{1}{4}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) $-\frac{1}{2}$ (d) $\frac{1}{4}$

25. $\frac{d}{dx}\sqrt{\frac{1-\sin 2x}{1+\sin 2x}} =$ **[AISSE 1985; DSSE 1986]**

(a) $\sec^2 x$ (b) $-\sec^2\left(\frac{\pi}{4} - x\right)$

(c) $\sec^2\left(\frac{\pi}{4} + x\right)$ (d) $\sec^2\left(\frac{\pi}{4} - x\right)$

26. यदि $y = \sqrt{(1-x)(1+x)}$, तो

(a) $(1-x^2)\frac{dy}{dx} - xy = 0$ (b) $(1-x^2)\frac{dy}{dx} + xy = 0$

(c) $(1-x^2)\frac{dy}{dx} - 2xy = 0$ (d) $(1-x^2)\frac{dy}{dx} + 2xy = 0$

27. $\frac{d}{dx}\left(\frac{\cot^2 x - 1}{\cot^2 x + 1}\right) =$

(a) $-\sin 2x$ (b) $2\sin 2x$

(c) $2\cos 2x$ (d) $-2\sin 2x$

28. यदि $f(x) = x\tan^{-1} x$, तो $f'(1) =$ **[IIT 1979]**

(a) $1 + \frac{\pi}{4}$ (b) $\frac{1}{2} + \frac{\pi}{4}$

(c) $\frac{1}{2} - \frac{\pi}{4}$ (d) 2

29. यदि $y = \log_{10} x + \log_x 10 + \log_x x + \log_{10} 10$, तो $\frac{dy}{dx} =$

(a) $\frac{1}{x\log_e 10} - \frac{\log_e 10}{x(\log_e x)^2}$ (b) $\frac{1}{x\log_e 10} - \frac{1}{x\log_{10} e}$

(c) $\frac{1}{x\log_e 10} + \frac{\log_e 10}{x(\log_e x)^2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

30. यदि $y = b\cos\log\left(\frac{x}{n}\right)^n$, तो $\frac{dy}{dx} =$

(a) $-n\,b\sin\log\left(\frac{x}{n}\right)^n$ (b) $n\,b\sin\log\left(\frac{x}{n}\right)^n$

(c) $\frac{-nb}{x}\sin\log\left(\frac{x}{n}\right)^n$ (d) इनमें से कोई नहीं

31. $\frac{d}{dx}[\sin^n x\cos nx] =$

(a) $n\sin^{n-1} x\cos(n+1)x$ (b) $n\sin^{n-1} x\cos nx$

(c) $n\sin^{n-1} x\cos(n-1)x$ (d) $n\sin^{n-1} x\sin(n+1)x$

32. यदि $f(x) = \log_x(\log x)$, तो $x = e$ पर $f'(x)$ है **[IIT 1985; RPET 2000; MP PET 2000; Karnataka CET 2002; Pb. CET 2002]**

(a) e (b) $\frac{1}{e}$

(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

33. यदि $y = \log\left(\frac{1+x}{1-x}\right)^{1/4} - \frac{1}{2}\tan^{-1} x$, तो $\frac{dy}{dx} =$

(a) $\frac{x^2}{1-x^4}$ (b) $\frac{2x^2}{1-x^4}$

(c) $\frac{x^2}{2(1-x^4)}$ (d) इनमें से कोई नहीं

34. यदि $y = \tan^{-1}\frac{4x}{1+5x^2} + \tan^{-1}\frac{2+3x}{3-2x}$, तो $\frac{dy}{dx} =$

(a) $\frac{1}{1+25x^2} + \frac{2}{1+x^2}$ (b) $\frac{5}{1+25x^2} + \frac{2}{1+x^2}$

(c) $\frac{5}{1+25x^2}$ (d) $\frac{1}{1+25x^2}$

35. $\frac{d}{dx}\log_7(\log_7 x) =$

(a) $\frac{1}{x\log_e x}$ (b) $\frac{\log_e 7}{x\log_e x}$

(c) $\frac{\log_7 e}{x\log_e x}$ (d) $\frac{\log_7 e}{x\log_7 x}$

36. यदि $f(x)=\sqrt{1+\cos^2(x^2)}$, तो $f'\left(\frac{\sqrt{\pi}}{2}\right)=$ **[Orissa JEE 2004]**

(a) $\sqrt{\pi}/6$ (b) $-\sqrt{(\pi/6)}$

(c) $1/\sqrt{6}$ (d) $\pi/\sqrt{6}$

37. यदि $x^{2/3}+y^{2/3}=a^{2/3}$, तो $\frac{dy}{dx}=$

(a) $\left(\frac{y}{x}\right)^{1/3}$ (b) $-\left(\frac{y}{x}\right)^{1/3}$

(c) $\left(\frac{x}{y}\right)^{1/3}$ (d) $-\left(\frac{x}{y}\right)^{1/3}$

38. $\frac{d}{dx}[(1+x^2)\tan^{-1}x] =$

(a) $x\tan^{-1}x$ (b) $2\tan^{-1}x$

(c) $2x\tan^{-1}x+1$ (d) $x\tan^{-1}x+1$

39. यदि $y=\log\frac{1+\sqrt{x}}{1-\sqrt{x}}$, तो $\frac{dy}{dx}=$

(a) $\frac{\sqrt{x}}{1-x}$ (b) $\frac{1}{\sqrt{x}(1-x)}$

(c) $\frac{\sqrt{x}}{1+x}$ (d) $\frac{1}{\sqrt{x}(1+x)}$

40. $\frac{d}{dx}e^{x+3\log x} =$

(a) $e^x.x^2(x+3)$ (b) $e^x.x(x+3)$

(c) $e^x+\frac{3}{x}$ (d) इनमें से कोई नहीं

41. $\frac{d}{dx}\sqrt{\frac{1+\cos 2x}{1-\cos 2x}} =$

(a) $\sec^2 x$ (b) $-\text{cosec}^2 x$

(c) $2\sec^2\frac{x}{2}$ (d) $-2\text{cosec}^2\frac{x}{2}$

42. $\frac{d}{dx}\log\tan\left(\frac{\pi}{4}+\frac{x}{2}\right)=$

(a) $\text{cosec}\, x$ (b) $-\text{cosec}\, x$

(c) $\sec x$ (d) $-\sec x$

43. $\frac{d}{dx}\log(\sqrt{x-a}+\sqrt{x-b})=$

(a) $\frac{1}{2[\sqrt{(x-a)}+\sqrt{(x-b)}]}$ (b) $\frac{1}{2\sqrt{(x-a)(x-b)}}$

(c) $\frac{1}{\sqrt{(x-a)(x-b)}}$ (d) इनमें से कोई नहीं

44. $\frac{d}{dx}\tan^{-1}(\sec x+\tan x)=$ **[AISSE 1985, 87; DSSE 1982, 84]**

(a) 1 (b) 1/2

(c) $\cos x$ (d) $\sec x$

45. $\frac{d}{dx}\cos^{-1}\sqrt{\cos x} =$

(a) $\frac{1}{2}\sqrt{1+\sec x}$ (b) $\sqrt{1+\sec x}$

(c) $-\frac{1}{2}\sqrt{1+\sec x}$ (d) $-\sqrt{1+\sec x}$

46. $\frac{d}{dx}(e^x\log\sin 2x)=$ **[AI CBSE 1985]**

(a) $e^x(\log\sin 2x+2\cot 2x)$ (b) $e^x(\log\cos 2x+2\cot 2x)$

(c) $e^x(\log\cos 2x+\cot 2x)$ (d) इनमें से कोई नहीं

47. $\frac{d}{dx}\tan^{-1}\frac{4\sqrt{x}}{1-4x}=$

(a) $\frac{1}{\sqrt{x}(1+4x)}$ (b) $\frac{2}{\sqrt{x}(1+4x)}$

(c) $\frac{4}{\sqrt{x}(1+4x)}$ (d) इनमें से कोई नहीं

48. यदि $y=\sin[\cos(\sin x)]$, तो $dy/dx =$

(a) $-\cos[\cos(\sin x)]\sin(\cos x).\cos x$

(b) $-\cos[\cos(\sin x)]\sin(\sin x).\cos x$

(c) $\cos[\cos(\sin x)]\sin(\cos x).\cos x$

(d) $\cos[\cos(\sin x)]\sin(\sin x).\cos x$

49. यदि $y=\sec^{-1}\left(\frac{\sqrt{x}+1}{\sqrt{x}-1}\right)+\sin^{-1}\left(\frac{\sqrt{x}-1}{\sqrt{x}+1}\right)$, तो $\frac{dy}{dx}=$

[UPSEAT 1999; AMU 2002; Kerala (Engg.) 2005]

(a) 0 (b) $\frac{1}{\sqrt{x}+1}$

(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

50. $\frac{d}{dx}\sin^{-1}(3x-4x^3)=$ **[RPET 2003]**

(a) $\frac{3}{\sqrt{1-x^2}}$ (b) $\frac{-3}{\sqrt{1-x^2}}$

(c) $\frac{1}{\sqrt{1-x^2}}$ (d) $\frac{-1}{\sqrt{1-x^2}}$

51. यदि $y=t^{4/3}-3t^{-2/3}$, तो $dy/dt =$

(a) $\frac{2t^2+3}{3t^{5/3}}$ (b) $\frac{2t^2+3}{t^{5/3}}$

(c) $\frac{2(2t^2+3)}{t^{5/3}}$ (d) $\frac{2(2t^2+3)}{3t^{5/3}}$

52. यदि $y=x^2\log x+\frac{2}{\sqrt{x}}$, तो $\frac{dy}{dx}=$

(a) $x+2x\log x-\frac{1}{\sqrt{x}}$ (b) $x+2x\log x-\frac{1}{x^{3/2}}$

(c) $x+2x\log x-\frac{2}{x^{3/2}}$ (d) इनमें से कोई नहीं

53. $\frac{d}{dx}\left(\frac{e^x}{1+x^2}\right)=$

(a) $\frac{e^x(1+x)}{(1+x^2)^2}$ (b) $\frac{e^x(1-x)^2}{(1+x^2)^2}$

(c) $\frac{e^x(1+x)^2}{(1+x^2)}$ (d) $\frac{e^x(1-x)^2}{(1+x^2)}$

54. यदि $y=\frac{\tan x+\cot x}{\tan x-\cot x}$, तो $\frac{dy}{dx}=$

(a) $2\tan 2x\sec 2x$ (b) $\tan 2x\sec 2x$

(c) $-\tan 2x\sec 2x$ (d) $-2\tan 2x\sec 2x$

55. यदि $A=\frac{2^x\cot x}{\sqrt{x}}$, तो $\frac{dA}{dx}=$

(a) $\frac{2^{x-1}\left\{-2x\,\text{cosec}^2x+\cot x.\log\left(\frac{4^x}{e}\right)\right\}}{x^{3/2}}$

(b) $\frac{2^{x-1}\left\{-2x\,\text{cosec}^2x+\cot x.\log\left(\frac{4^x}{e}\right)\right\}}{x}$

(c) $\frac{2x\left\{-2x\text{cosec}^2x+\cot x.\log\left(\frac{4^x}{e}\right)\right\}}{x^{3/2}}$

(d) इनमें से कोई नहीं

56. $\frac{d}{dx}\left(\frac{\log x}{\sin x}\right)=$

(a) $\frac{\frac{\sin x}{x}-\log x.\cos x}{\sin x}$ (b) $\frac{\frac{\sin x}{x}-\log x.\cos x}{\sin^2 x}$

(c) $\frac{\sin x-\log x.\cos x}{\sin^2 x}$ (d) $\frac{\frac{\sin x}{x}-\log x}{\sin^2 x}$

57. यदि $y=\frac{\sqrt{x^2+1}+\sqrt{x^2-1}}{\sqrt{x^2+1}-\sqrt{x^2-1}}$, तो $\frac{dy}{dx}=$

(a) $2x+\frac{2x^3}{\sqrt{x^4-1}}$ (b) $2x+\frac{x^3}{\sqrt{x^4-1}}$

(c) $x+\frac{2x^3}{\sqrt{x^4-1}}$ (d) इनमें से कोई नहीं

58. यदि $y=\frac{\sqrt{a+x}-\sqrt{a-x}}{\sqrt{a+x}+\sqrt{a-x}}$, तो $\frac{dy}{dx}=$ **[AISSE 1986]**

(a) $\frac{ay}{x\sqrt{a^2-x^2}}$ (b) $\frac{ay}{\sqrt{a^2-x^2}}$

(c) $\frac{ay}{x\sqrt{x^2-a^2}}$ (d) इनमें से कोई नहीं

59. यदि $y=(x\cot^3 x)^{3/2}$, तो $dy/dx=$

(a) $\frac{3}{2}(x\cot^3 x)^{1/2}[\cot^3 x-3x\cot^2 x\,\text{cosec}^2x]$

(b) $\frac{3}{2}(x\cot^3 x)^{1/2}[\cot^2 x-3x\cot^2 x\,\text{cosec}^2x]$

(c) $\frac{3}{2}(x\cot^3 x)^{1/3}[\cot^3 x-3x\,\text{cosec}^2x]$

(d) $\frac{3}{2}(x\cot^3 x)^{3/2}[\cot^3 x-3x\,\text{cosec}^2x]$

60. $\frac{d}{dx}\{\cos(\sin x^2)\}=$ **[DSSE 1979]**

(a) $\sin(\sin x^2).\cos x^2.2x$ (b) $-\sin(\sin x^2).\cos x^2.2x$

(c) $-\sin(\sin x^2).\cos^2 x.2x$ (d) इनमें से कोई नहीं

61. यदि $y=\sin(\sqrt{\sin x+\cos x})$, तो $\frac{dy}{dx}=$ **[DSSE 1987]**

(a) $\frac{1}{2}\frac{\cos\sqrt{\sin x+\cos x}}{\sqrt{\sin x+\cos x}}$

(b) $\frac{\cos\sqrt{\sin x+\cos x}}{\sqrt{\sin x+\cos x}}$

(c) $\frac{1}{2}\frac{\cos\sqrt{\sin x+\cos x}}{\sqrt{\sin x+\cos x}}.(\cos x-\sin x)$

(d) इनमें से कोई नहीं

62. यदि $y=\sin\left(\frac{1+x^2}{1-x^2}\right)$, तो $\frac{dy}{dx}=$ **[AISSE 1987]**

(a) $\frac{4x}{1-x^2}.\cos\left(\frac{1+x^2}{1-x^2}\right)$ (b) $\frac{x}{(1-x^2)^2}.\cos\left(\frac{1+x^2}{1-x^2}\right)$

(c) $\frac{x}{(1-x^2)}.\cos\left(\frac{1+x^2}{1-x^2}\right)$ (d) $\frac{4x}{(1-x^2)^2}.\cos\left(\frac{1+x^2}{1-x^2}\right)$

63. यदि $y=\sqrt{\frac{1+\tan x}{1-\tan x}}$, तो $\frac{dy}{dx}=$

[AISSE 1981, 83, 84, 85; DSSE 1985; AI CBSE 1981, 83]

(a) $\frac{1}{2}\sqrt{\frac{1-\tan x}{1+\tan x}}.\sec^2\left(\frac{\pi}{4}+x\right)$ (b) $\sqrt{\frac{1-\tan x}{1+\tan x}}.\sec^2\left(\frac{\pi}{4}+x\right)$

(c) $\frac{1}{2}\sqrt{\frac{1-\tan x}{1+\tan x}}.\sec\left(\frac{\pi}{4}+x\right)$ (d) इनमें से कोई नहीं

64. $\frac{d}{dx}(x^2+\cos x)^4=$ **[DSSE 1979]**

(a) $4(x^2+\cos x)(2x-\sin x)$

(b) $4(x^2-\cos x)^3(2x-\sin x)$

(c) $4(x^2+\cos x)^3(2x-\sin x)$

(d) $4(x^2+\cos x)^3(2x+\sin x)$

65. $\frac{d}{dx}\sqrt{x\sin x}=$ **[AISSE 1985]**

(a) $\frac{\sin x+x\cos x}{2\sqrt{x\sin x}}$ (b) $\frac{\sin x+x\cos x}{\sqrt{x\sin x}}$

(c) $\frac{x\sin x+\cos x}{\sqrt{2\sin x}}$ (d) $\frac{x\sin x+\cos x}{\sqrt{2x\sin x}}$

66. $\frac{d}{dx}\sqrt{\sec^2 x+\text{cosec}^2x}=$ **[DSSE 1981]**

(a) $4\,\text{cosec}\,2x.\cot 2x$ (b) $-4\,\text{cosec}\,2x.\cot 2x$

(c) $-4\,\text{cosec}\,x.\cot 2x$ (d) इनमें से कोई नहीं

67. $\frac{d}{dx}\left(\frac{\sec x+\tan x}{\sec x-\tan x}\right)=$ **[DSSE 1979, 81; CBSE 1981]**

(a) $\frac{2\cos x}{(1-\sin x)^2}$ (b) $\frac{\cos x}{(1-\sin x)^2}$

(c) $\frac{2\cos x}{1-\sin x}$ (d) इनमें से कोई नहीं

68. $\frac{d}{dx}\left(x^3 \tan^2\frac{x}{2}\right) =$ [AISSE 1979]

(a) $x^3 \tan\frac{x}{2}.\sec^2\frac{x}{2} + 3x\tan^2\frac{x}{2}$

(b) $x^3 \tan\frac{x}{2}.\sec^2\frac{x}{2} + 3x^2\tan^2\frac{x}{2}$

(c) $x^3 \tan^2\frac{x}{2}.\sec^2\frac{x}{2} + 3x^2\tan^2\frac{x}{2}$

(d) इनमें से कोई नहीं

69. यदि $y = \tan^{-1}\left(\frac{x^{1/3}+a^{1/3}}{1-x^{1/3}a^{1/3}}\right)$, तो $\frac{dy}{dx} =$ [DSSE 1986]

(a) $\frac{1}{3x^{2/3}(1+x^{2/3})}$ (b) $\frac{a}{3x^{2/3}(1+x^{2/3})}$

(c) $-\frac{1}{3x^{2/3}(1+x^{2/3})}$ (d) $-\frac{a}{3x^{2/3}(1+x^{2/3})}$

70. यदि $y = \cot^{-1}\left(\frac{1+x}{1-x}\right)$, तो $\frac{dy}{dx} =$ [DSSE 1984]

(a) $\frac{1}{1+x^2}$ (b) $-\frac{1}{1+x^2}$

(c) $\frac{2}{1+x^2}$ (d) $-\frac{2}{1+x^2}$

71. फलन $\log_e\left(\sqrt{\frac{1+\sin x}{1-\sin x}}\right)$ का x के सापेक्ष अवकल गुणांक है [MP PET 1993]

(a) cosec x (b) tan x

(c) cos x (d) sec x

72. $\frac{d}{dx}\left[\log\sqrt{\frac{1-\cos x}{1+\cos x}}\right] =$ [BIT Ranchi 1990]

(a) sec x (b) cosec x

(c) $\text{cosec}\frac{x}{2}$ (d) $\sec\frac{x}{2}$

73. $\frac{d}{dx}\left[\tan^{-1}\sqrt{\frac{1-\cos x}{1+\cos x}}\right] =$ [BIT Ranchi 1989; Roorkee 1989; RPET 1996]

(a) $-\frac{1}{2}$ (b) 0

(c) $\frac{1}{2}$ (d) 1

74. यदि $f(x) = \tan^{-1}\left(\frac{\sin x}{1+\cos x}\right)$, तो $f'\left(\frac{\pi}{3}\right) =$ [BIT Ranchi 1990]

(a) $\frac{1}{2(1+\cos x)}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{1}{4}$ (d) इनमें से कोई नहीं

75. $\frac{d}{dx}e^{x\sin x} =$ [DSSE 1979]

(a) $e^{x\sin x}(x\cos x + \sin x)$ (b) $e^{x\sin x}(\cos x + x\sin x)$

(c) $e^{x\sin x}(\cos x + \sin x)$ (d) इनमें से कोई नहीं

76. $\frac{d}{dx}\{\log(\sec x + \tan x)\} =$ [AISSE 1982]

(a) cos x (b) sec x

(c) tan x (d) cot x

77. $\frac{d}{dx}(xe^{x^2}) =$ [DSSE 1981]

(a) $2x^2e^{x^2} + e^{x^2}$ (b) $x^2e^{x^2} + e^{x^2}$

(c) $e^x.2x^2 + e^{x^2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

78. $\frac{d}{dx}\left[\frac{e^{ax}}{\sin(bx+c)}\right] =$ [AI CBSE 1983]

(a) $\frac{e^{ax}[a\sin(bx+c)+b\cos(bx+c)]}{\sin^2(bx+c)}$

(b) $\frac{e^{ax}[a\sin(bx+c)-b\cos(bx+c)]}{\sin(bx+c)}$

(c) $\frac{e^{ax}[a\sin(bx+c)-b\cos(bx+c)]}{\sin^2(bx+c)}$

(d) इनमें से कोई नहीं

79. यदि $y = \frac{e^x\log x}{x^2}$, तो $\frac{dy}{dx} =$ [AI CBSE 1982]

(a) $\frac{e^x[1+(x+2)\log x]}{x^3}$ (b) $\frac{e^x[1-(x-2)\log x]}{x^4}$

(c) $\frac{e^x[1-(x-2)\log x]}{x^3}$ (d) $\frac{e^x[1+(x-2)\log x]}{x^3}$

80. यदि $y = \frac{e^{2x}\cos x}{x\sin x}$, तो $\frac{dy}{dx} =$ [AI CBSE 1982]

(a) $\frac{e^{2x}[(2x-1)\cot x - x\,\text{cosec}^2 x]}{x^2}$

(b) $\frac{e^{2x}[(2x+1)\cot x - x\,\text{cosec}^2 x]}{x^2}$

(c) $\frac{e^{2x}[(2x-1)\cot x + x\,\text{cosec}^2 x]}{x^2}$

(d) इनमें से कोई नहीं

81. $\frac{d}{dx}\{e^{-ax^2}\log(\sin x)\} =$ [AI CBSE 1984]

(a) $e^{-ax^2}(\cot x + 2ax\log\sin x)$

(b) $e^{-ax^2}(\cot x + ax\log\sin x)$

(c) $e^{-ax^2}(\cot x - 2ax\log\sin x)$

(d) इनमें से कोई नहीं

82. यदि $y = \log x.e^{(\tan x + x^2)}$, तो $\frac{dy}{dx} =$ [AI CBSE 1985]

(a) $e^{(\tan x+x^2)}\left[\frac{1}{x} + (\sec^2 x + x)\log x\right]$

(b) $e^{(\tan x+x^2)}\left[\frac{1}{x} + (\sec^2 x - x)\log x\right]$

(c) $e^{(\tan x+x^2)}\left[\frac{1}{x} + (\sec^2 x + 2x)\log x\right]$

(d) $e^{(\tan x+x^2)}\left[\frac{1}{x} + (\sec^2 x - 2x)\log x\right]$

83. यदि $y=\sqrt{\frac{1+e^x}{1-e^x}}$, तो $\frac{dy}{dx}=$ [AI CBSE 1986]

(a) $\frac{e^x}{(1-e^x)\sqrt{1-e^{2x}}}$ (b) $\frac{e^x}{(1-e^x)\sqrt{1-e^x}}$

(c) $\frac{e^x}{(1-e^x)\sqrt{1+e^{2x}}}$ (d) $\frac{e^x}{(1-e^x)\sqrt{1+e^x}}$

84. $\frac{d}{dx}\left\{e^x\log(1+x^2)\right\}=$ [AI CBSE 1987]

(a) $e^x\left[\log(1+x^2)+\frac{2x}{1+x^2}\right]$

(b) $e^x\left[\log(1+x^2)-\frac{2x}{1+x^2}\right]$

(c) $e^x\left[\log(1+x^2)+\frac{x}{1+x^2}\right]$

(d) $e^x\left[\log(1+x^2)-\frac{x}{1+x^2}\right]$

85. यदि $y=\frac{e^{2x}+e^{-2x}}{e^{2x}-e^{-2x}}$, तो $\frac{dy}{dx}=$ [AI CBSE 1988]

(a) $\frac{-8}{(e^{2x}-e^{-2x})^2}$ (b) $\frac{8}{(e^{2x}-e^{-2x})^2}$

(c) $\frac{-4}{(e^{2x}-e^{-2x})^2}$ (d) $\frac{4}{(e^{2x}-e^{-2x})^2}$

86. यदि $y=\frac{2(x-\sin x)^{3/2}}{\sqrt{x}}$, तो $\frac{dy}{dx}=$ [Roorkee 1971]

(a) $\frac{2(x-\sin x)^{3/2}}{\sqrt{x}}\left[\frac{3}{2}.\frac{1-\cos x}{1-\sin x}-\frac{1}{2x}\right]$

(b) $\frac{2(x-\sin x)^{3/2}}{\sqrt{x}}\left[\frac{3}{2}.\frac{1-\cos x}{x-\sin x}-\frac{1}{2x}\right]$

(c) $\frac{2(x-\sin x)^{1/2}}{\sqrt{x}}\left[\frac{3}{2}.\frac{1-\cos x}{x-\sin x}-\frac{1}{2x}\right]$

(d) इनमें से कोई नहीं

87. $\frac{d}{dx}\left(\cos^{-1}\sqrt{\frac{1+\cos x}{2}}\right)=$ [AI CBSE 1982]

(a) 1 (b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

88. यदि $y=\tan^{-1}\left(\frac{\sqrt{a}-\sqrt{x}}{1+\sqrt{ax}}\right)$, तो $\frac{dy}{dx}=$ [AI CBSE 1988]

(a) $\frac{1}{2(1+x)\sqrt{x}}$ (b) $\frac{1}{(1+x)\sqrt{x}}$

(c) $-\frac{1}{2(1+x)\sqrt{x}}$ (d) इनमें से कोई नहीं

89. यदि $y=\sec^{-1}\left(\frac{x+1}{x-1}\right)+\sin^{-1}\left(\frac{x-1}{x+1}\right)$, तो $\frac{dy}{dx}=$ [MNR 1984]

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) 3

90. $\frac{d}{dx}(\log_e x)(\log_a x)]=$

(a) $\frac{\log_a x}{x}$ (b) $\frac{\log_x x}{x}$

(c) $\frac{2\log x}{x}$ (d) $\frac{2\log_a x}{x}$

91. $\frac{d}{dx}\left\{\log\left(\frac{e^x}{1+e^x}\right)\right\}=$

(a) $\frac{1}{1-e^x}$ (b) $-\frac{1}{1+e^x}$

(c) $-\frac{1}{1-e^x}$ (d) इनमें से कोई नहीं

92. $\frac{d}{dx}\left[\frac{2}{\pi}\sin x^0\right]=$

(a) $\frac{\pi}{180}\cos x^0$ (b) $\frac{1}{90}\cos x^0$

(c) $\frac{\pi}{90}\cos x^0$ (d) $\frac{2}{90}\cos x^0$

93. $\frac{d}{dx}\left[\log\sqrt{\sin\sqrt{e^x}}\right]=$

(a) $\frac{1}{4}e^{x/2}\cot(e^{x/2})$ (b) $e^{x/2}\cot(e^{x/2})$

(c) $\frac{1}{4}e^x\cot(e^x)$ (d) $\frac{1}{2}e^{x/2}\cot(e^{x/2})$

94. यदि $f(x)=|x|$ हो, तो $f'(0)=$ [MNR 1982]

(a) 0 (b) 1

(c) x (d) इनमें से कोई नहीं

95. $x=\sqrt{\frac{\pi}{2}}$ पर, $\frac{d}{dx}\cos(\sin x^2)=$

(a) –1 (b) 1

(c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

96. $\frac{d}{dx}[\tan^{-1}(\cot x)+\cot^{-1}(\tan x)]=$

(a) 0 (b) 1

(c) – 1 (d) – 2

97. $\frac{d}{dx}[e^{ax}\cos(bx+c)]=$ [AISSE 1989]

(a) $e^{ax}[a\cos(bx+c)-b\sin(bx+c)]$

(b) $e^{ax}[a\sin(bx+c)-b\cos(bx+c)]$

(c) $e^{ax}[\cos(bx+c)-\sin(bx+c)]$

(d) इनमें से कोई नहीं

98. यदि $y=\log\log x$, तो $e^y\frac{dy}{dx}=$ [MP PET 1994, 95]

(a) $\frac{1}{x\log x}$ (b) $\frac{1}{x}$

(c) $\frac{1}{\log x}$ (d) e^y

99. यदि $y=\sin^{-1}\left(\frac{19}{20}x\right)+\cos^{-1}\left(\frac{19}{20}x\right)$, तो $\frac{dy}{dx}=$

(a) 0 (b) 1

(c) – 1 (d) इनमें से कोई नहीं

100. यदि $y=(1+x^{1/4})(1+x^{1/2})(1-x^{1/4})$, तो $\frac{dy}{dx}=$ **[MP PET 1994]**

(a) 1 (b) -1

(c) x (d) $\sqrt{x}$

101. यदि $y=\frac{a^{\cos^{-1}x}}{1+a^{\cos^{-1}x}}$, $z=a^{\cos^{-1}x}$, तो $\frac{dy}{dz}=$ **[MP PET 1994]**

(a) $\frac{1}{1+a^{\cos^{-1}x}}$ (b) $-\frac{1}{1+a^{\cos^{-1}x}}$

(c) $\frac{1}{(1+a^{\cos^{-1}x})^2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

102. यदि $f(x)=(x-x_0)g(x)$ जहाँ $g(x)$, x_0 पर सतत् है, तो $f'(x_0)$ का मान है

(a) 0 (b) x_0

(c) $g(x_0)$ (d) इनमें से कोई नहीं

103. यदि $y=\log_{\sin x}(\tan x)$, तब $\left(\frac{dy}{dx}\right)_{\pi/4}=$

(a) $\frac{4}{\log 2}$ (b) $-4\log 2$

(c) $\frac{-4}{\log 2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

104. यदि $y=\log_2[\log_2(x)]$, तब $\frac{dy}{dx}=$

(a) $\frac{\log_2 e}{x\log_e x}$ (b) $\frac{1}{\log_e x\log_e 2}$

(c) $\frac{1}{\log_e(2x)^x}$ (d) इनमें से कोई नहीं

105. $\frac{d}{dx}(e^{x^3})$ का मान है **[RPET 1995]**

(a) $3xe^{x^3}$ (b) $3x^2e^{x^3}$

(c) $3x\left(e^{x^3}\right)^2$ (d) $2x^2e^{x^3}$

106. $\frac{d}{dx}(\sin^{-1}x)$ का मान है **[RPET 1995]**

(a) $\frac{1}{\sqrt{1-x^2}}$ (b) $-\frac{1}{\sqrt{1-x^2}}$

(c) $\frac{1}{\sqrt{1+x^2}}$ (d) $\frac{-1}{\sqrt{1+x^2}}$

107. यदि $y=\tan^{-1}\sqrt{\frac{1+\cos x}{1-\cos x}}$, तब $\frac{dy}{dx}=$ **[Roorkee 1995]**

(a) 0 (b) $-\frac{1}{2}$

(c) 1/2 (d) 1

108. यदि $y=\frac{\sin^{-1}x}{\sqrt{1-x^2}}$, तब $(1-x^2)\frac{dy}{dx}$ का मान है **[RPET 1995]**

(a) $x+y$ (b) $1+xy$

(c) $1-xy$ (d) $xy-2$

109. $\sec^{-1}x$ का अवकलन गुणांक है **[RPET 1995]**

(a) $\frac{1}{x\sqrt{1-x^2}}$ (b) $-\frac{1}{x\sqrt{1-x^2}}$

(c) $\frac{1}{x\sqrt{x^2-1}}$ (d) $\frac{-1}{x\sqrt{x^2-1}}$

110. यदि $f(2)=4$, $f'(2)=1$ तब $\lim_{x\to 2}\frac{xf(2)-2f(x)}{x-2}$ का मान है **[RPET 1995, 2000]**

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) -2

111. $\frac{d}{dx}\left[\log\left(x+\frac{1}{x}\right)\right]=$ **[MP PET 1995]**

(a) $\left(x+\frac{1}{x}\right)$ (b) $\frac{\left(1+\frac{1}{x^2}\right)}{\left(1+\frac{1}{x}\right)}$

